झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी

(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इकाई)

प्रथम तल, कल्याण कॉम्प्लेक्स (प्रशिक्षण केन्द्र), बलीहार रोड, मोराबादी, राँची।

दूरभाष संख्या– 0651–3501613

झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी (JTDS) के निदेशक मंडल की दिनांक 12/08/2024 को 11.00 बजे अपराहन् में सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, JTDS की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1. श्री कृपा नन्द झा, भा0प्र0से0, सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार –सह– अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰।
2. श्री नेलसम एयोन बागे, भा0प्र0से0, राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी –सह– सदस्य सचिव।
3. श्री सुधीर बाड़ा, भा0प्र0से0, विशेष सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार।
4. श्री राहुल सिन्हा, भा0प्र0से0, उपायुक्त, राँची।
5. श्री रवि शंकर शुक्ला, भा0प्र0से0, उपायुक्त, सरायकेला–खरसावाँ।
6. श्री अनन्य मित्तल, भा0प्र0से0, उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम।
7. श्री करण सत्यार्थी, भा0प्र0से0, उपायुक्त, गुमला।
8. सुश्री सुष्मा नीलम सोरेंग, परियोजना निदेशक, ITDA, लोहरदगा (उपायुक्त लोहरदगा के प्रतिनिधि)।
9. श्रीमती संगीता शरण, उप–निदेशक, आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, झारखण्ड सरकार (आदिवासी कल्याण आयुक्त की प्रतिनिधि)।
10. श्री राकेश रंजन उराँव, सहायक निदेशक, डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान (निदेशक, डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के प्रतिनिधि)
11. श्रीमती सोनिया देवी, सदस्य, महिला मंडल ग्राम– अमनबुरू, प्रखण्ड – बुण्डु, जिला– राँची (अति कमजोर जनजातीय सदस्य)।
12. श्री परमेश्वर उराँव, अध्यक्ष, ग्राम सभा परियोजना क्रियान्वयन समिति, ग्राम– कचमची, प्रखण्ड –भंडरा, जिला– लोहरदगा (जनजातीय सदस्य)।

- (क्रम संख्या 04 से 08 तक के सदस्यों द्वारा Video Conferencing के माध्यम से बैठक में भाग लिया गया)

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ द्वारा बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करने का निदेश राज्य परियोजना निदेशक को दिया गया।

प्रस्ताव एवं चर्चा उपरांत निर्णय :–

एजेंडा संख्या	प्रस्ताव	निर्णय
1.	दिनांक 13.09.2023 को आहूत बैठक में निदेशक मंडल द्वारा निदेशित बिन्दुओं पर अनुपालन की सम्पुष्टि।	निदेश दिया गया कि सभी सदस्यों को विगत वर्ष के अंकेक्षण प्रतिवेदन को उपलब्ध कराया जाय। जे॰टी॰डी॰एस॰ में कार्यरत कर्मियों के वेतन विसंगति एवं प्रोन्नति हेतु पद चिन्हीकरण से संबंधित नीति तैयार किया जाय।
2.	JTDS द्वारा किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा। JTDS द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित योजना SCA to TSS अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधा, केंचुआ खाद निर्माण कार्य एवं मधुमक्खी पालन कार्य किया जा रहा है। इसके अलावे CCD योजना अंतर्गत PVTGs परिवारों के साथ Targeting Hardcore Poor Project (THP)], मधुमक्खी पालन, सूकर पालन एवं बत्तख पालन संबंधित कार्य सभी 14 TSP जिलों में क्रियान्वित किया जा रहा है। इन कार्यों के साथ–साथ JTDS द्वारा अभिसरण के माध्यम से सभी 14 TSP जिला इकाइयों के द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ उनकी योजनाओं को क्रियान्वित करने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।	सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि जो योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी है, उन योजनाओं का वित्तीय समायोजन शीध्र कर लिया जाय। अन्य क्रियान्वित की जा रही योजनाओं को ससमय पूर्ण कर लिया जाय।
3.	JTDS में कार्यरत कर्मियों का सेवा विस्तार 01 जुलाई, 2024 से एक वर्ष तक करने के संबंध में। JTDS में कुल स्वीकृत–106 पदों के विरूद्ध वर्त्तमान में कार्यरत 73 कर्मियों की सेवा अवधि	JTDS में कार्यरत कर्मियों का सेवा विस्तार करने का निर्णय सर्वसम्मति से निदेशक मंडल द्वारा लिया गया।

	का विस्तार अगले एक वर्ष तक करने का प्रस्ताव है। वर्ष 2002–2003 से वर्ष 2019–2020 के दौरान JTDS द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए सभी कर्मियों की नियुक्ति की गई है। सभी कार्यरत कर्मियों के कार्य प्रदर्शन का आकलन वित्तीय वर्ष 2023–24 के उपरांत राज्य परियोजना निदेशक के स्तर से किया गया है एवं कार्य प्रदर्शन संतोषप्रद पाया गया है। किसी भी कर्मी पर प्रतिकूल टिप्पणी कार्यालय को प्राप्त नहीं है।	
4.	Tribal Livelihood Development Program (TLDP) योजना की स्वीकृति एवं राशि का आवंटन। प्रस्तावित परियोजना Tribal Livelihood Development Program (TLDP) की कुल लागत राशि रू० 176.39 करोड़ (एक सौ छिहत्तर करोड़ उनतालीस लाख) रूपये है। अतः प्रत्येक वर्ष लगभग 88.20 करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी, जिसका व्यय राज्य योजना मद Tribal Livelihood Development Program (TLDP)/ जनजातीय आजीविका विकास कार्यक्रम –(2225) शीर्ष के अंतर्गत अनुदान/Grant से किया जाएगा। इसका क्रियान्वयन झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी, राँची के माध्यम से राज्य के 14 TSP जिले के आदिवासी बहुल चिन्हित प्रखंडों में किया जाएगा। ज्ञात हो कि इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में TLDP हेतु राज्य सरकार द्वारा विभागीय बजट में 1 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त योजना को JTDS के माध्यम से क्रियान्वयन एवं राशि आवंटन पर निर्णय का प्रस्ताव है।	JTDS द्वारा समर्पित परियोजना प्रस्ताव विभाग को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु भेजने का सर्वसम्मति से निदेशक मंडल द्वारा निर्णय लिया गया।
5.	विभाग अंतर्गत बजट–2024–25 में प्रावधानित/ अनुमोदित अनुसूचित जनजाति	इस संबंध में सर्वसम्मति से निदेशक मंडल द्वारा JTDS को निदेश दिया गया कि

	के Livelihoods से संबंधित योजनाओं को JTDS के माध्यम से क्रियान्वित करने पर निर्णय एवं राशि का आवंटन। JTDS के पूर्व के कार्य अनुभव को देखते हुए राज्य के विभागीय बजट वित्तीय वर्ष 2024–25 उल्लेखित Welfare of ST मद के क्रम संख्या–50 में योजना Income Generation and Livelihood Development/ आयवृद्धि आजीविका विकास तथा Centrally Sponsored Schemes (CSS) मद के उप योजना मद Central Sector Plan Schemes के तहत् क्रम संख्या–1, 2 एवं 6 अंतर्गत निर्धारित योजनाओं को JTDS के माध्यम से क्रियान्वयन किया जा सकता है। इस संबंध में JTDS द्वारा दिनांक–16.07.2024 को विभाग को आजीविका एवं आयवर्धन पर योजना प्रस्ताव उपलब्ध करा दी गई है। उपरोक्त सभी संबंधित योजनाओं को JTDS के माध्यम से क्रियान्वयन एवं राशि आवंटन पर निर्णय का प्रस्ताव है।	Livelihoods योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु समर्पित योजना प्रस्ताव एवं बजट अनु॰ जनजाति, अनु॰ जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड सरकार से करने हेतु आग्रह करने को कहा गया। तदालोक इस संबंध में पत्र निर्गत किया जाए।
6. (क)	अन्य बिन्दु अध्यक्ष की सहमति से। विभाग द्वारा जनजातीय एवं PVTGs समुदाय हेतु क्रियान्वित किये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यों यथा प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY), PVTG हेतु PM JANMAN तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करने हेतु JTDS को विभाग की Nodal Monitoring Agency के तौर पर नामित करने का प्रस्ताव है।	इस प्रस्ताव पर विभाग द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
(ख)	World Bank द्वारा JTELP-II परियोजना के संबंध में।	सूचित किया गया कि प्रस्तावित JTELP-II परियोजना World Bank, GoI तथा GoJ के द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रारंभ करने से संबंधित प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है।

अंत में अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ निदेशक मंडल के धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

16/8/2024

(नेलसम एयोन बागे)
राज्य परियोजना निदेशक
–सह–
सदस्य सचिव, जे॰टी॰डी॰एस॰ निदेशक मंडल

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव,
अनु0 जनजाति, अनु0 जाति,
अल्पसंख्यक एवं पि0 वर्ग कल्याण
विभाग, झारखण्ड सरकार
–सह–
अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ निदेशक मंडल

ज्ञापांक JTDS/839/2024/302 **राँची, दिनांक** 16.08.2024

प्रतिलिपि : सभी माननीय सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/8/2024

(नेलसम एयोन बागे)
सदस्य सचिव, जे.टी.डी.एस. निदेशक मंडल
–सह–
राज्य परियोजना निदेशक